हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, गुरुवार 2 अप्रैल 2026

तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 13.9 डिग्री

11 जिलेभर के मंदिरों में श्रद्धा व उल्लास से मनाया ...



11 मोरखेड़ी में 40 टॉपर्स को किया सम्मानित



## मांगें नहीं मानी गईं तो सोमवार से पूर्ण हड़ताल होगी

# कंसल्टेंट, एडवाइजर्स के खिलाफ एमडीयू के गैर शिक्षक कर्मचारी संघ ने खोला मोर्चा, एक्सटेंशन देने पर भी ऐतराज

» रि-एंप्लॉयमेंट और नियुक्तियों पर उठे सवाल, रजिस्ट्रार की कार्यशैली पर नाराजगी

» प्रशासनिक भवन के सामने आम सभा, मांगें पूरी न होने तक आंदोलन जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक



रोहतक। कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत को ज्ञापन सौंपते गैर शिक्षक कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) में गैर शिक्षक कर्मचारी संघ ने अपनी लंबित मांगों और विश्वविद्यालय प्रशासन की कार्यशैली के खिलाफ विरोध प्रदर्शन तेज कर दिया है। बुधवार को प्रशासनिक भवन के सामने संघ के प्रधान सुरेश कौशिक की अध्यक्षता में एक विशाल आम सभा का आयोजन किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय में तैनात कंसल्टेंट और एडवाइजर्स को तुरंत हटाने की पुरजोर मांग की गई। उन्होंने बताया कि संघ की ओर से धरना शुरू कर दिया है। जब तक मांगों को पूरा नहीं किया जाता, तब तक धरना जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि लगभग 20 कर्मचारियों को रि-एंप्लॉयमेंट किया गया है। आम सभा में कर्मचारियों ने कहा कि विश्वविद्यालय को इन कंसल्टेंट और एडवाइजर्स की कोई आवश्यकता नहीं है। संघ का तर्क है कि एमडीयू का स्टाफ इन पदों के बिना भी सुचारू रूप से कार्य करने में सक्षम है। बैठक के दौरान कर्मचारियों ने कैंपस की सफाई, सुरक्षा व्यवस्था और आवासीय क्षेत्र की मरम्मत जैसे मुद्दों पर भी चर्चा की। संघ ने रजिस्ट्रार की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए अनार सिंह को छुट्टी वाले दिन (31 मार्च) दोबारा नियुक्ति देने पर कड़ा ऐतराज जताया। संघ ने स्पष्ट किया है कि जब तक मांगों को पूरा नहीं किया जाता, तब तक धरना जारी रहेगा।

### कुलसचिव डॉ. कृष्ण कांत को मांगों का ज्ञापन सौंपा

प्रधान सुरेश कौशिक ने चेतावनी देते हुए कहा, यदि विश्वविद्यालय प्रशासन ने जल्द ही सभी कंसल्टेंट और एडवाइजर्स को नहीं हटाया, तो अगले हफ्ते सोमवार से विश्वविद्यालय में पूर्ण रूप से हड़ताल की जाएगी, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। सभा के अंत में कर्मचारियों ने कुलसचिव डॉ. कृष्ण कांत को अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा। इस धरने को पूर्व प्रधान शांति लाल के साथ-साथ छात्र नेताओं विक्रम डिमोलिया, प्रदीप देशवाल और अन्य ने भी अपना समर्थन दिया। बैठक में संघ के महासचिव विजयपाल धनखड़, उपप्रधान प्रेम सिंह सजवान, कोषाध्यक्ष राजेश शर्मा, सहसचिव राजकुमार रंगा, पूर्व प्रधान फूल कुमार बोहत, कुलवंत मालिक सहित सैकड़ों कर्मचारी उपस्थित रहे।

### प्रमुख मांगें

- विश्वविद्यालय में कार्यरत एडवाइजरों, कंसल्टेंट और 62 वर्ष की आयु के बाद भी कार्य कर रहे कर्मचारियों को तुरंत प्रभाव से पद से हटाया जाए।
- गैर शिक्षक कर्मचारियों की रेगुलर भर्ती प्रक्रिया का रास्ता साफ किया जाए और इस संबंध में सरकार को पत्र लिखा जाए।
- कर्मचारियों के डिमांड चार्टर में शामिल सभी बची हुई मांगों को जल्द से जल्द पूरा किया जाए।
- विश्वविद्यालय कैंपस परिसर के रिहायशी क्षेत्रों की सफाई व्यवस्था के लिए उचित प्रबंधन किया जाए।
- यूनियन के 2024-2025 कार्यकाल के वित्तीय लेखे-जोखे के बारे में जल्द फैसला लिया जाए।
- विश्वविद्यालय कैंपस की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाया जाए, बाहरी व्यक्तियों के प्रवेश हो निषेध
- परीक्षा सदन और रजिस्ट्रेशन ब्रांच के रेमूनरेशन की लंबित फाइलों को जल्द निपटाया जाए।
- छुट्टी वाले दिन (31 मार्च) की गई नियुक्तियों जैसे मामलों पर रोक लगाई जाए और कर्मचारियों की अन्य समस्याओं का समाधान प्रशासनिक स्तर पर तुरंत किया जाए।

### खबर संक्षेप

#### सेना भर्ती: अब 10 तक कर सकते हैं आवेदन

**रोहतक।** सेना भर्ती कार्यालय ने अग्निपथ योजना और रेगुलर एंट्री के तहत होने वाली भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 10 अप्रैल कर दी है। भर्ती निदेशक के अनुसार रोहतक, झज्जर, सोनीपत और पानीपत जिलों के पात्र युवा अब सामान्य प्रवेश परीक्षा के लिए 10 अप्रैल तक पंजीकरण कर सकते हैं। यह भर्ती अग्निवीर, जेसीओ और अन्य रैंकों के लिए आयोजित की जाएगी। इच्छुक अभ्यर्थियों से समय रहते आवेदन करने की अपील की गई है।

#### चोरी में शामिल तीसरा आरोपी गिरफ्तार

रोहतक। पुलिस ने कलानौर क्षेत्र में दुकान से हुई चोरी की वारदात में शामिल तीसरे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जिसकी पहचान गांव बामला निवासी अंकित पुत्र बलजीत के रूप में हुई है। आरोपी को अदालत में पेश किया गया है तथा मामले की गहनता से जांच जारी है। गांव गुढ़ाण निवासी अश्वनी की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। अश्वनी की कलानौर में हार्डवेयर व सेनेटरी सामान की दुकान से 8 मार्च को सामान चोरी कर लिया गया। 31 मार्च 2026 को तीसरे आरोपी को गिरफ्तार किया गया, इस वारदात में शामिल दो अन्य आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

#### क्रेडिट कार्ड के जरिए दो लाख की ठगी

**रोहतक।** सेक्टर-14 में एक युवक से क्रेडिट कार्ड के जरिए करीब 2 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित आशीष को अज्ञात व्यक्ति ने बैंक अधिकारी बनकर फोन किया और कार्ड अपडेट के नाम पर गोपनीय जानकारी ले ली। इसके बाद अलग-अलग ट्रांजैक्शन के जरिए खाते से रकम निकाल ली गई। शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## राजीव गांधी स्टेडियम के सामने सेक्टर-6 में पेड़ों की कटाई पर गहराया विवाद

# स्टे खत्म होते ही अफसर कर गए खेल 10 जेसीबी लगा उखाड़ दिए 300 पेड़

» अब एनजीटी ने फिर लगाई पेड़ काटने पर रोक, एचएसवीपी पर उठ रहे सवाल

» एचएसवीपी का दावा-डीएफओ की अनुमति के बाद ही की गई कार्रवाई

» वकील-सामाजिक कार्यकर्ताओं का आरोप, सुको के स्टे की अवहेलना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

शहर के सेक्टर-6 स्थित राजीव गांधी स्टेडियम के सामने बने पुराने बाग में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। बता दें कि पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने पेड़ कटाई पर 30 मार्च तक स्टे लगा दिया था। एक अप्रैल को एनजीटी में सुनवाई होनी थी, लेकिन इसी बीच अधिकारी खेल कर गए और 10 जेसीबी लगवाकर पेड़ जड़ से ही उखड़वा दिए। उधर, एनजीटी ने बुधवार को स्टे लगाकर फिर पेड़ों की कटाई रोक दी। वहीं, डीएफओ की रिपोर्ट के बावजूद संरक्षित किए गए 368 दुर्लभ पेड़ों को भी उखाड़ दिया गया। हरे-भरे पेड़ों को उखाड़े जाने की कार्रवाई के दौरान मौके पर पुलिस बल भी तैनात किया गया, जिससे स्थिति की गंभीरता का अंदाजा लगाया जा सकता है। इस कार्रवाई को लेकर भाजपा कार्यकर्ता एवं अधिवक्ता महाराज सिंह ने गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि जिस जमीन पर पेड़ों की कटाई की जा रही है, उस पर सुप्रीम कोर्ट भी स्टे लगा चुका है। इसके बावजूद पेड़ों की जबरन कटाई कर न्यायालय के आदेशों की अवहेलना की जा रही है। बता दें कि कुछ माह पहले इसी स्थान पर समाजसेवी नवीन जयहिंद ने तंबू लगाकर विरोध प्रदर्शन किया था। उस समय भी ने कार्रवाई करते हुए उन्हें वहां से हटाया था। इसके बाद जब पेड़ों की कटाई शुरू की गई, तो स्थानीय लोगों ने विरोध किया। स्थिति तनावपूर्ण होने पर कटाई रोक दी गई।

पेड़ काटती जेसीबी मशीन





#### सुप्रीम कोर्ट में मामला विचाराधीन प्लॉट धारक बोले-केस जीत चुके

मामले की जड़ में इस जमीन का मालिकाना हक है, जिसे लेकर सुप्रीम कोर्ट में मामला विचाराधीन है। बताया जा रहा है कि इसी कारण कोर्ट ने स्टे आदेश जारी किया था। हालांकि, दूसरी ओर प्लॉट धारकों का कहना है कि वे केस जीत चुके हैं और अब अपनी जमीन पर सफाई का कार्य करवा रहे हैं। इसी दावे के आधार पर एचएसवीपी द्वारा पेड़ों को हटाने की कार्रवाई की जा रही है।

#### बाग में 12 हजार से अधिक बड़े पेड़ मौजूद, कटने से हरित संतुलन बिगड़ेगा

सेक्टर-6 में करीब 38 एकड़ क्षेत्र में फैले इस बाग में 12 हजार से अधिक बड़े पेड़ मौजूद हैं। पर्यावरण प्रेमियों और स्थानीय निवासियों का कहना है कि इतनी बड़ी संख्या में पेड़ों की कटाई न केवल पर्यावरण के लिए नुकसानदेह है, बल्कि शहर के हरित संतुलन को भी प्रभावित करेगी। उनका आरोप है कि एक तरफ सरकार वृक्षारोपण अभियान चलाकर पेड़ लगाने का संदेश देती है, वहीं दूसरी ओर हजारों हरे-भरे पेड़ों की कटाई पर चुप्पी साधे हुए है।

#### एनजीटी में सुनवाई के दौरान ही काटे पेड़

पहले पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट की तरफ से पेड़ कटाई पर स्टे दिया गया था। स्टे 30 मार्च तक था। अब एक अप्रैल को एनजीटी में सुनवाई होनी थी। इस बीच अधिकारियों ने पेड़ उखड़वा दिए। एनजीटी ने आदेश दिए कि पेड़ों के काटने पर रोक लगाते हुए स्टे दिया जा रहा है। इसके अलावा डीएफओ की रिपोर्ट के बावजूद 368 पेड़ों का ध्यान नहीं रखा गया। सैकड़ों पेड़ उखाड़े गए हैं। **-महाराज सिंह, एडवोकेट**

#### सारा भ्रष्टाचार का खेल

नवीन जयहिंद का कहना है कि यह पेड़ किसी साजिश के तहत काटे गए है। जबकि कोर्ट में यह केस विचाराधीन है, उसके बावजूद इनको काटा गया है। यह सारा भ्रष्टाचार का खेल है। प्रशासन ने कोर्ट के आदेशों का भी इंतजार नहीं किया। जिस समय मौके पर पहुंचा, उस समय जेसीबी चालक मौके से ही भाग गए। अब मौके पर पेड़ों को नहीं काटने दिया जाएगा।

#### परमिशन के बाद कार्रवाई

डीएफओ की तरफ से हमें परमिशन मिली है। उसके बाद ही यह कार्रवाई की गई है। बिना परमिशन के कोई कार्य नहीं किया गया है। अगर कोर्ट से स्टे के कोई आदेश है तो हमें दिखाए जाए। **-डॉ. आनंद कुमार शर्मा, प्रशासक, एचएसवीपी**





रोहतक। धमाके के बाद जला पड़ा सामान। टूटा हुए शीशे की जानकारी देते मकान मलिक। फोटो : हरिभूमि

» झज्जर रोड स्थित घनीपुरा में हादसा

## मच्छर मारने की स्प्रे बोतल बनी 'बम', मंदिर की लौ से धमाके के साथ भड़की आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

झज्जर रोड स्थित घनीपुरा इलाके में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक घर में रखी मच्छर मारने वाली 'हिट' की बोतल अचानक तेज धमाके के साथ फट गई। धमाका इतना जोरदार था कि आसपास के लोगों को बम जैसे विस्फोट का अहसास हुआ। बताया जा रहा है कि घर के मंदिर के पास यह बोतल रखी हुई थी, जहां दीया जल रहा था। अचानक बोतल के फटने से आग भड़क उठी और देखते ही देखते लपटों ने कमरे को अपनी चपेट में ले लिया। धमाके के कारण घर की खिड़कियों के शीशे भी टूट गए, जिससे घटना की भयावहता का अंदाजा लगाया जा सकता है।

#### बम की तरह ब्लास्ट

स्थानीय निवासियों का कहना है कि धमाके की आवाज इतनी तेज थी कि कुछ क्षणों के लिए सभी घबरा गए। कई लोगों ने इसे पहले किसी बम धमाके जैसा समझा, लेकिन बाद में पता चला कि यह मच्छर मारने वाली स्प्रे की बोतल के फटने से हुआ।

#### ज्वलनशील पदार्थ होने से हादसा

सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची और घटना का जायजा लिया। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि ज्वलनशील पदार्थ होने के कारण बोतल में दबाव बना और मंदिर में जल रही लौ के संपर्क में आने से यह हादसा हुआ। हालांकि, इस घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है, लेकिन नुकसान जरूर हुआ है।

#### बड़ा हादसा टला, सभी सुरक्षित

घटना के समय घर के अंदर मौजूद लोगों को संभलने का मौका तक नहीं मिला। जोरदार आवाज सुनकर आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे। लोगों ने बिना देर किए पानी डालकर आग पर काबू पाया और बड़ा हादसा होने से टाल दिया। घर के सभी लोग सुरक्षित हैं।

### पर्यटक निराश

## अफसर सुस्त, झील का लेजर फाउंटेन कई माह से ठप, लोगों के आकर्षण का केंद्र बना 'शोपीस', अब म्यूजिक पर नहीं थिरकता पानी

# तिल-तिल तड़पती तिलियार

#### 2018 में करीब पांच करोड़ रुपये की लागत से स्थापित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक



शहर के प्रमुख पर्यटन स्थल तिलियार झील पर बना साउंड एंड लाइट मल्टीमीडिया लेजर म्यूजिकल फाउंटेन कभी पर्यटकों के लिए सबसे बड़ा आकर्षण हुआ करता था, लेकिन अब यह महज एक शोपीस बनकर रह गया है। करीब छह माह से बंद पड़ा यह फाउंटेन अफसरों की लापरवाही और धीमी कार्यप्रणाली की वजह से दोबारा शुरू नहीं हो पाया है, जिससे यहां आने वाले पर्यटक निराश लौट रहे हैं। वर्ष 2018 में करीब पांच करोड़ रुपये की लागत से स्थापित किया गया यह आधुनिक फाउंटेन सिंगापुर के सेंटोसा मॉडल की तर्ज पर तैयार किया गया था। इसमें पानी, रोशनी, लेजर और संगीत का अद्भुत समन्वय देखने को मिलता था, जो हर आयु वर्ग के लोगों को आकर्षित करता था।

खासकर सप्ताहांत पर यहां भारी भीड़ उमड़ती थी और यह शो तिलियार झील की पहचान बन चुका था। 132 एकड़ में फैले इस पर्यटन स्थल पर शनिवार और रविवार को रोहतक के अलावा दिल्ली और एनसीआर से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं। लेकिन फाउंटेन बंद होने के कारण पर्यटकों को निराशा ही हाथ लग रही है। कई पर्यटकों का कहना है कि वे खास तौर पर इस लेजर शो को देखने के लिए यहां आते थे, लेकिन अब यह सुविधा बंद होने से उनका उत्साह कम हो गया है।

#### टेंडर प्रक्रिया के तहत तय होती है एजेंसी

फाउंटेन के संचालन और रखरखाव के लिए समय-समय पर टेंडर प्रक्रिया के जरिए एजेंसी तय की जाती है। लेकिन पिछले छह माह से नए टेंडर की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पाई है। अफसरों की सुस्ती के चलते फाइलें दफ्तरों में ही अटकी हुई हैं, जिसका सीधा असर इस महत्वपूर्ण परियोजना पर पड़ा है। पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से तैयार किए गए इस प्रोजेक्ट की अनदेखी से न केवल सरकार के लाखों रुपये व्यर्थ जा रहे हैं, बल्कि शहर की छवि पर भी असर पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि इस फाउंटेन को समय पर चालू किया जाए तो यह रोहतक को एक प्रमुख पर्यटन केंद्र के रूप में स्थापित कर सकता है।

#### टेक्निकल फाल्ट का पार्ट नहीं मिला

आईटीडीसी की टीम ही इसका रखरखाव करती है। उन्होंने इसके मेंटेनेंस के लिए यहां का दौरा भी किया था। इस दौरान इसमें एक टेक्निकल फाल्ट भी मिला था। उसके लिए एक अलग से पार्ट आना है। उसके आने के बाद ही यह चालू हो पाएगा। **-राकेश हुड्डा, मैनेजर, तिलियार लेक**

**क्या होता है साउंड एंड लाइट मल्टीमीडिया लेजर म्यूजिकल फाउंटेन:** यह एक विशेष प्रकार का संगीत आधारित फव्वारा होता है, जिसमें पानी की धाराएं संगीत की धुन पर नृत्य करती नजर आती हैं। इसमें रंग-बिरंगी लाइट्स और लेजर तकनीक का उपयोग कर विभिन्न आकृतियां और दृश्य प्रस्तुत किए जाते हैं। यह पूरी तरह से कोरियोग्राफ किया गया शो होता है, जो दर्शकों को एक अनोखा अनुभव देता है।

## फरमाणा के मोहित हत्याकांड में गांव का ही युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक



गांव फरमाणा से निंदाना रोड पर खेतों में मिली युवक की लाश के मामले में रोहतक पुलिस ने बड़ा खुलासा करते हुए हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार यह वारदात पुरानी रंजिश का नतीजा निकली। गिरफ्तार आरोपी को अदालत में पेश किया जाएगा और मामले की जांच अभी जारी है। थाना महम के प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि 27 मार्च को फरमाणा निवासी वकील की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। शिकायत के अनुसार उनका बेटा मोहित 26 मार्च को पड़ोस में एक शादी समारोह में गया था, लेकिन देर रात तक घर वापस नहीं लौटा। परिवार ने काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद 28 मार्च को फरमाना से निंदाना रोड पर स्थित खेतों में मोहित का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया और मामले में हत्या की धाराएं जोड़ दी गईं। पुलिस टीम ने मामले की गंभीरता को देखते हुए त्वरित कार्रवाई करते हुए लगातार छापेमारी की। जांच के दौरान 31 मार्च को आरोपी हंसराज पुत्र प्रेम, निवासी फरमाणा खास को गिरफ्तार कर लिया गया। जांच में सामने आया कि मृतक मोहित और आरोपी के बीच कुछ समय पहले मारपीट हुई थी। इसी रंजिश को लेकर आरोपी ने बदला लेने की योजना बनाई और मौका पाकर मोहित की हत्या कर दी। पुलिस का कहना है कि आरोपी से पूछताछ जारी है और मामले से जुड़े अन्य पहलुओं की भी गहनता से जांच की जा रही है।

# सुप्रीम कोर्ट दे चुका छूट, लेकिन प्रशासन की गाइडलाइन का इंतजार

## एनसीआर में दस साल पुराने डीजल व 15 वर्ष पुराने पेट्रोल वाहनों पर असमंजस

- सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के बाद भी सरकार ने नहीं जारी किया नोटिफिकेशन
- बैन पर पर्यावरणविदों व वाहन मालिकों की अलग-अलग राय
- कोर्ट ने दिसम्बर 2025 के आदेशों में बीएस 4 से ऊपर के वाहनों को दी थी छूट, साथ ही बीएस 3 वाहनों पर कार्रवाई के दिए थे आदेश
- कहा था कि केवल वाहन की उम्र देखकर नहीं होगी कार्रवाई, प्रदूषण प्रमाण पत्र होना अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

एनसीआर में पुराने वाहनों को लेकर एक बार फिर असमंजस की स्थिति बन गई है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश हैं कि बीएस 4 और बीएस 6 वाहनों पर कार्रवाई न की जाए। चाहे उस वाहन की उम्र 12 साल हो। साथ ही बीएस 3 वाहनों पर कार्रवाई होना चाहिए। इसके बावजूद हरियाणा सरकार की तरफ से कोई नोटिफिकेशन जारी नहीं किया गया है। जिसकी वजह से पूर्व समय में जारी किए गए आदेशों की ही पालना की जा रही है। जिनमें 10 साल पुराने डीजल वाहनों और 15 साल पुराने पेट्रोल वाहनों के एनसीआर में चलाने पर रोक है। दरअसल, एनजीटी ने पहले प्रदूषण पर नियंत्रण के उद्देश्य से 10 साल पुराने डीजल और 15 साल पुराने पेट्रोल वाहनों के संचालन पर प्रतिबंध लगाने का आदेश दिया था। सरकार की ओर से अभी तक इस संबंध में कोई औपचारिक नोटिफिकेशन जारी नहीं किया है।



### सुप्रीम कोर्ट के आदेश के मुख्य बिंदु

**बीएस 4/बीएस 6 को राहत:** 15 साल से अधिक पुरानी पेट्रोल कारें बीएस 4/बीएस 6 के उत्सर्जन मानकों का पालन करती हैं, उन्हें सड़क पर चलने की अनुमति है।
**दंडात्मक कार्रवाई पर रोक:** अदालत ने 10-15 साल पुराने वाहनों के खिलाफ जबरन कार्रवाई (जब्त करने या चालान) पर फिलहाल अंतरिम रोक लगाई हुई है।
**फिटनेस और पीयूसी:** वाहन को सड़क पर रखने के लिए वैध फिटनेस सर्टिफिकेट और प्रदूषण प्रमाणपत्र (पीयूसी) होना अनिवार्य है।
**बीएस 3 और पुराने वाहन:** बीएस 4 से नीचे के मानकों वाले वाहनों पर एनजीटी के पुराने प्रतिबंध अभी भी लागू हो सकते हैं, अर्थात उन्हें कबाड़ माना जा सकता है। इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट ने भी इन वाहनों को प्रदूषण के लिए जिम्मेदार मानते हुए कार्रवाई के लिए आदेश दिए थे।

### नहीं मिला नोटिफिकेशन

अभी तक सरकार की तरफ से कोई नोटिफिकेशन नहीं आया है। एनसीआर में 15 साल पुराने वाहनों पर प्रतिबंध है, साथ ही दस साल पुराने डीजल वाहन भी नहीं चला सकते। पुराने वाहनों को एनसीआर से बाहर ले जा सकते हैं।
-आशीष कुमार, एसडीएम रोहतक

### प्रदूषण रोकने के लिए सितंबर 2021 में इन 14 जिलों पर लागू हुआ था सुप्रीम कोर्ट का आदेश

प्रदेश के 14 जिले फरीदाबाद, गुरुग्राम, नूंह, रोहतक, सोनीपत, रेवाड़ी, झज्जर, पानीपत, पलवल, भिवानी, दादरी, महेंद्रगढ़, जींद और करनाल एनसीआर में आते हैं। वायु प्रदूषण को रोकने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने 10 साल पुराने डीजल और 15 साल पुराने पेट्रोल वाहनों को चलाने पर प्रतिबंध लगाया था। सितंबर 2021 में इसे लागू कर दिया गया था। वहीं प्रदेश के आठ जिले पंचकूला, यमुनानगर, कुरुक्षेत्र, अम्बाला, हिसार, सिरसा, फतेहाबाद और कैथल ही ऐसे जिले हैं, जहां सुप्रीम कोर्ट के 10 साल पुराने डीजल वाहनों की पासिंग को लेकर दिए आदेश लागू नहीं किए गए। इन जिलों में पुराने वाहनों को चलाया जा सकता है, लेकिन इनकी पासिंग को लेकर पेंच फंसा दिया गया।

### सुप्रीम कोर्ट ने यह दिए थे आदेश

सुप्रीम कोर्ट ने एनसीआर में 10 साल पुराने डीजल और 15 साल पुराने पेट्रोल वाहनों के जबरन कबाड़ बनाए जाने पर रोक लगा दी थी। यदि वाहन बीएस 4/बीएस 6 के अनुकूल है और फिटनेस/प्रदूषण प्रमाणपत्र (पीयूसी) वैध है, तो 15 साल पुराने पेट्रोल वाहन को नहीं हटाया जाएगा। सिर्फ उम्र के आधार पर अब गाड़ियां जब्त नहीं की जा सकतीं।

### प्रदेश सरकार की अधिसूचना का इंतजार

यही वजह है कि परिवहन विभाग और ट्रैफिक पुलिस के स्तर पर नियमों को लेकर असमंजस बना हुआ है। कई जगहों पर पुराने वाहनों के खिलाफ कार्रवाई जारी है, जबकि कुछ स्थानों पर ढील देखने को मिल रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस तरह के विरोधाभासी आदेशों से न केवल आम जनता परेशान होती है, बल्कि कानून के प्रभावी क्रियान्वयन में भी बाधा आती है। पर्यावरणविदों का कहना है कि पुराने वाहनों से निकलने वाला धुआं वायु गुणवत्ता को गंभीर रूप से प्रभावित करता है, इसलिए सख्त नियम जरूरी हैं। वहीं, वाहन मालिकों का तर्क है कि अगर उनका वाहन फिटनेस और प्रदूषण मानकों पर खरा उतरता है, तो उसे केवल उम्र के आधार पर प्रतिबंधित करना उचित नहीं है। फिलहाल, जब तक सरकार की ओर से कोई स्पष्ट अधिसूचना जारी नहीं होती, तब तक वाहन मालिकों को सावधानी बरतने और स्थानीय प्रशासन के निर्देशों का पालन करने की सलाह दी जा रही है। आने वाले समय में इस मुद्दे पर केंद्र और राज्य सरकार की स्थिति स्पष्ट होने की उम्मीद है, जिससे इस भ्रम की स्थिति खत्म हो सके।

# वार्षिक पारितोषिक समारोह में बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से मोहा-मन

- 90 % से अधिक अंक पाने वालों को शील्ड देकर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

एचडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल खेड़ी महम में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। यह समारोह बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। स्कूल प्राचार्या शालिनी गुप्ता ने बताया कि कक्षा नर्सरी से ग्यारहवीं में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहने वाले बच्चों को शील्ड, गिफ्ट, प्रमाण पत्र व छात्रवृत्ति देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि प्रत्येक कक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित करने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को भी शील्ड व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय में आयोजित छात्रवृत्ति परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को भी गिफ्ट दिए गए।

प्राचार्या शालिनी गुप्ता व निदेशक कुलवंत नहरा ने सभी प्रतिभावान विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने अन्य विद्यार्थियों को भी कड़ी मेहनत व लग्न से कार्य करने तथा आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर नन्हे-मुन्नों ने समारोह में अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति प्रस्तुत कर अभिभावकों का मन मोह लिया।

इस वार्षिक अवसर पर स्कूल सचिव संजीव छिल्लर, उपप्राचार्या इंदु नहरा समेत समस्त स्टाफ, अभिभावक और विद्यार्थी मौजूद थे।



महम। प्रतिभावान विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते स्कूल निदेशक कुलवंत नहरा।



महम। टीचर से अपने बच्चों के वार्षिक परीक्षा परिणाम की जानकारी लेते अभिभावक व उनके साथ मौजूद छात्र।

## आदर्श स्कूल की नॉन बोर्ड कक्षाओं का परिणाम घोषित, छात्रों के खिले चेहरे

**महम।** आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल का नॉन बोर्ड कक्षाओं का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए प्रिंसिपल मंजुलता ने विद्यार्थियों और शिक्षकों को बधाई दी। बच्चों के अभिभावक भी अपने बच्चों का परीक्षा परिणाम जानने के लिए विद्यालय पहुंचे। इस दौरान अभिभावकों ने काउंसर के साथ बातचीत की। काउंसलर ने विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों से समस्याएं जानी व समस्याओं का समाधान बताया।



## सफाई कर्मचारियों के साथ मनाया महापौर रामअवतार का जन्मदिन

**रोहतक।** 1 अप्रैल को राम अवतार वाल्मीकि के जन्मदिवस के अवसर पर वार्ड-20 के पार्षद प्रवीण कौशिक द्वारा सफाई मित्रों के साथ मिलकर समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम बड़े उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस मौके पर केक काटकर महापौर के स्वस्थ व दीर्घायु जीवन की कामना की गई तथा उपस्थित लोगों में लड्डू वितरित किए गए। पार्षद प्रवीण कौशिक ने कहा कि शहर की स्वच्छता में सफाई कर्मचारियों का योगदान सराहनीय है और उनके सहयोग से ही वार्ड-20 को पूरे शहर में सफाई के मामले में तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है। उन्होंने सफाई कर्मचारियों और वार्डवासियों को बधाई देते हुए आगे भी इसी प्रकार स्वच्छता बनाए रखने की अपील की। कार्यक्रम में नीरज, विजेंद्र, सतीश, पंकज, रवीन्द्र कौशिक, दीपक, हेमंत, योगेश सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



रोहतक। विद्यार्थियों को सम्मानित करते उपायुक्त सचिन गुप्ता। फोटो: हरिभूमि

## सह-शैक्षणिक गतिविधियां बढ़ाने के लिए शिक्षकों को किया प्रेरित

**रोहतक।** उपायुक्त सचिन गुप्ता ने परीक्षा परिणाम लेने आये अभिभावकों, स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्यों, स्टाफ सदस्यों एवं विद्यार्थियों को उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए बधाई दी। उन्होंने विद्यालय में संचालित विभिन्न शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों की सराहना करते हुए बच्चों की संख्या बढ़ाने के लिए सभी को प्रेरित किया। सचिन गुप्ता स्थानीय मॉडल टाउन स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित किए गए प्रवेश उत्सव में बतौर मुख्यातिथि अभिभावकों से संवाद कर रहे थे। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त सचिन गुप्ता ने बाल वाटिका के नन्हे बच्चों का माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया। उन्होंने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद एवं अन्य गतिविधियों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

# भारत विकास परिषद ने मेधावियों को किया सम्मानित

- विद्यालय परिसर में पच्चीस फलदार पौधे रोपित किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

भारत विकास परिषद सेक्टर शाखा के तत्वावधान में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हिसार रोड में पौधरोपण एवं पारितोषिक वितरण समारोह उत्साहपूर्ण वातावरण में आयोजित किया गया। समारोह के दौरान विद्यालय परिसर में 25 फलदार पौधे रोपित किए गए तथा मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में आशीष कुमार (उपमंडल अधिकारी, नागरिक) उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में गीता देवी (खंड शिक्षा अधिकारी) ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता दीपक जिंदल, अध्यक्ष हरियाणा मध्य प्रांत, भारत विकास परिषद द्वारा की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ नए सत्र के शुभारंभ के अवसर पर हवन-यज्ञ के साथ किया गया, जिसमें सभी उपस्थितजनों ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आहुति दी। कार्यक्रम में क्षेत्रीय पर्यावरण संयोजक अशोक गुप्ता, शाखा अध्यक्ष तरुण गुप्ता, पूर्व शाखा अध्यक्ष रमेश अहलावत आदि रहे।



रोहतक। आयोजित कार्यक्रम का दीप जलाकर शुभारंभ करते मुख्य अतिथि आशीष कुमार उपमंडल अधिकारी, नागरिक। फोटो: हरिभूमि

### सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ें विद्यार्थी : आशीष कुमार

परिषद द्वारा विद्यालय की प्राचार्या सुनीता अहलावत तथा प्राथमिक मुख्य शिक्षक राजेश कुमार को विद्यालय के सर्वांगीण विकास एवं विद्यार्थियों के मार्गदर्शन में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इस मौके पर मंच संचालन प्रमिला सैनी ने बड़े ही अच्छे ढंग से किया साथ ही प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को भी पुरस्कार प्रदान किए गए। मुख्य अतिथि आशीष कुमार ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच रखते हुए निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया तथा परिषद द्वारा किए जा रहे सामाजिक एवं पर्यावरणीय कार्यों की सराहना की। विशिष्ट अतिथि गीता देवी ने भी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और विद्यालय प्रशासन व परिषद की संयुक्त पहल की प्रशंसा की।



रोहतक। सेवानिवृत्त प्रमिला देवी को स्टाफ ने किया सम्मानित।

## 29 वर्ष की सेवा के बाद सेवानिवृत्त हुई प्रमिला देवी

**रोहतक।** रोहतक कि भिवानी चुंगी निवासी प्रमिला देवी स्वास्थ विभाग में 29 साल की सेवा देकर सेवानिवृत हो गई। उन्होंने हमेशा अपनी ड्यूटी सेवा भाव से की। स्वास्थ विभाग में उन्हें एक कर्तव्य निष्ठ, मृदुभाषी व मिलनसार कर्मचारी के रूप में जाना जाता था। उन्होने हमेशा समय का पालन किया। उनकी सेवानिवृत्ति के अवसर पर उनके घर पर भिवानी चुंगी वालों ने उनका भव्य स्वागत किया। गौरतलब है कि प्रमिला के पति भी स्वास्थ्य विभाग से ही सेवानिवृत्त हैं एवं उनके परिवार के अन्य लोग भी स्वास्थ विभाग में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। यही कारण है कि प्रमिला देवी के पूरे परिवार को एक सेवक परिवार के रूप में जाना जाता है।

## नई पॉलिसी का असर, एक अप्रैल को एक्साइज दफ्तर में पसरा रहा सन्नाटा

**रोहतक।** शहर में शराब ठेकों की अलॉटमेंट प्रक्रिया नवंबर-दिसंबर 2025 में ही पूरी कर ली गई थी, जिसके चलते अप्रैल की शुरुआत में एक्साइज विभाग के कार्यालय में किसी प्रकार की गतिविधि नजर नहीं आई। हर साल जहां नए वित्तीय वर्ष के साथ लाइसेंस और ठेकों को लेकर हलचल रहती थी, इस बार वहां सन्नाटा देखने को मिला। जिले में वाइन, बीयर और अन्य मदिरा उत्पादों की बिक्री के लिए बड़ी संख्या में फर्मों को लाइसेंस जारी किए गए हैं। विभागीय सूत्रों के अनुसार, शहरी और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में सैकड़ों लाइसेंसधारी फर्में विभिन्न जोनों में संचालित हो रही हैं, जो नई नीति के तहत आधुनिक ढंग से अपने आउटलेट चला रही हैं। नई एक्साइज पॉलिसी के तहत सरकार ने पारंपरिक ठेकों की व्यवस्था में बदलाव करते हुए उन्हें आधुनिक रिटेल शॉप्स में बदलने पर जोर दिया है। इन शॉप्स में ग्राहकों के लिए बेहतर सुविधा, डिस्प्ले सिस्टम और साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। हालांकि ग्रामीण क्षेत्रों में अभी भी पारंपरिक ठेकों का स्वरूप काफी हद तक बरकरार है। विभाग का मानना है कि शहरी क्षेत्रों में यह बदलाव उपभोक्ताओं के अनुभव को बेहतर बनाने के साथ-साथ राजस्व में भी वृद्धि करेगा।

# लेबर कोड की प्रतियां जलाईं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

केंद्रीय मजदूर संगठनों और कर्मचारी फैडरेशन के संयुक्त देशव्यापी आह्वान पर सीटू, सर्व कर्मचारी संघ की अगुवाई में मजदूर विरोधी लेबर कोडों (श्रम संहिता) की प्रतियां जलाकर काला दिवस मनाया। साथ ही अमेरिका-इस्रायल के आक्रमणकारी युद्धोन्माद का भी एक स्वर में विरोध करते हुए तत्काल युद्ध रोकने की मांग की गई। विरोध कार्रवाई का नेतृत्व कर्मचारी नेता कर्मबीर सिवाच और मजदूर नेता प्रकाशचंद्र ने संयुक्त रूप से किया। काला दिवस मनाने के लिए सीटू, सर्व कर्मचारी संघ, रिटायर्ड कर्मचारी संघ के कार्यकर्ता स्थानीय मानसरोवर पार्क में एकत्रित हुए। सीटू राज्य उपाध्यक्ष विनोद कुमार, सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के संगठन सचिव जयबीर चहल और सीटू जिला सचिव कामरेड विनोद ने कहा कि ये श्रम संहिताएं (लेबर कोड्स) देश के श्रमिकों-जो संपत्ति के वास्तविक सृजनकर्ता हैं-को फिर से ब्रिटिश औपनिवेशिक काल जैसी शोषणकारी परिस्थितियों में धकेलने का प्रयास हैं।




रोहतक। मांगों के लिए मानसरोवर पार्क के बाहर प्रदर्शन करते केंद्रीय मजदूर संगठनों और कर्मचारी फैडरेशन के संयुक्त सदस्य। फोटो: हरिभूमि

## ओडिशा में किसान नेता प्रकाश मलिक की गिरफ्तारी का विरोध, रिहाई की मांग

**रोहतक।** प्रकाश मलिक को 1 अप्रैल को ओडिशा पुलिस ने क्योंझर जिले से गिरफ्तार कर लिया। मलिक क्षेत्र में कथित भूमि हड़पने के खिलाफ किसानों को संगठित करने में सक्रिय भूमिका निभा रहे थे और उन्हें इस आंदोलन का प्रमुख चेहरा माना जा रहा था। इस गिरफ्तारी के बाद ऑल इण्डिया किसान खेत मजदूर संगठन ने कड़ा विरोध जताया है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्यवान और उपाध्यक्ष अनूप सिंह मातनहेल ने संयुक्त बयान जारी कर इसे दमनात्मक कार्रवाई बताया। उन्होंने कहा कि मलिक की गिरफ्तारी शांतिपूर्ण किसान आंदोलन को दबाने का प्रयास है और उनकी तत्काल रिहाई की मांग की। नेताओं का कहना है कि किसान अपनी पुश्तैनी और उपजाऊ कृषि भूमि को बचाने के लिए शांतिपूर्ण ढंग से संघर्ष कर रहे हैं, जो उनकी आजीविका का मुख्य साधन है। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस किसानों के साथ कठोर और असंवेदनशील व्यवहार कर रही है। साथ ही, उन्होंने श्रमिकों के अधिकारों को प्रभावित करने वाले नए श्रम कानूनों पर भी रोक लगाने की मांग उठाई।



महम। विधायक विनोद भ्याणा का स्वागत करते शहरवासी।

## महम पहुंचे भ्याणा, जाना कार्यकर्ताओं का हालचाल

**महम।** हांसी से विधायक विनोद भ्याणा बुधवार सुबह महम पहुंचे। इस दौरान उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं और परिचितों के साथ मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। उन्होंने करतार धींगड़ा और भोजा राम सचदेवा के निधन पर शोक प्रकट किया। इसके उपरांत कालू रल्हन के घर जलपान किया। मौके पर डॉ ओपी चिटकारा, भीष्म दुआ, वेद प्रकाश धवन, रमेश ठकराल, मास्टर सुशील गुप्ता, पप्पू धवन, श्याम सुंदर सैनी, अशोक नारंग, लवली ठकराल, रमेश बत्रा आदि मौजूद रहे।

## छात्रों को आधुनिक शोध साधनों की दी जानकारी

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के गणित विभाग में एक दिवसीय कार्यशाला एवं यूजर अवेयरनेस प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य शोधार्थियों व विद्यार्थियों को पुस्तकालय संसाधनों और आधुनिक डिजिटल प्लेटफॉर्म के प्रभावी उपयोग के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ विभागाध्यक्ष प्रो. सुमित गिल ने किया। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शोध के लिए डिजिटल संसाधनों का उपयोग आज बेहद जरूरी हो गया है। कार्यक्रम एल्सेवियर के सहयोग से आयोजित हुआ। पहले सत्र में एल्सेवियर की विशेषज्ञ श्वेता सेठी ने स्कोपस और साइंस डायरेक्ट के उपयोग पर जानकारी दी। दूसरे सत्र में सूचना वैज्ञानिक डॉ. सुन्दर सिंह तंवर ने पुस्तकालय संसाधनों के बेहतर उपयोग पर प्रकाश डाला। अंत में डॉ. पूनम रेढू ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

**कार्यशाला** शोधार्थियों को सामाजिक जिम्मेदारी के साथ कार्य करना चाहिए, नैतिकता व पारदर्शिता जरूरी

# भूगोल शोध में एआई, जीआईएस और रिमोट सेंसिंग पर उपयोग अत्यंत जरूरी : प्रो. रहमान

आर्थिक विकास के बावजूद देश में नहीं बढ़ रहे रोजगार के अपेक्षित अवसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग में बुधवार को करंट इश्यूज इन जियोग्राफिकल रिसर्च विषय पर आयोजित इंटरएक्टिव सेशन में जामिया मिलिया इस्लामिया, नई दिल्ली के विभागाध्यक्ष प्रो. अतीकुर रहमान ने कहा कि बदलते दौर में शोध को अधिक प्रभावी बनाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और आधुनिक तकनीकों का ज्ञान जरूरी हो गया है। कार्यक्रम की शुरुआत में विभागाध्यक्ष प्रो. प्रमोद कुमार ने मुख्य वक्ता का स्वागत किया। अपने संबोधन में प्रो. रहमान ने शोध में नैतिकता, पारदर्शिता और मौलिकता को अनिवार्य बताते हुए कहा कि शोधार्थियों को सामाजिक जिम्मेदारी के साथ कार्य करना चाहिए। उन्होंने आर और पाइथन जैसी प्रोग्रामिंग भाषाओं के साथ-साथ जीआईएस और रिमोट सेंसिंग तकनीकों के उपयोग पर जोर दिया, जिससे शोध अधिक वैज्ञानिक और डेटा-आधारित बन सके। उन्होंने वर्तमान आर्थिक परिदृश्य में उभर रही जॉबलेस ग्रोथ की अवधारणा पर कहा कि आर्थिक विकास के बावजूद रोजगार के अवसर अपेक्षित रूप से नहीं बढ़ रहे हैं, जिसे समझना शोधार्थियों के लिए जरूरी है।



रोहतक। आयोजित कार्यक्रम में मौजूद जामिया मिलिया इस्लामिया, नई दिल्ली के विभागाध्यक्ष प्रो. अतीकुर रहमान, विभागाध्यक्ष प्रो. प्रमोद कुमार व अन्य विद्यार्थी।

## एमडीयू का स्विमिंग पूल शुरू, कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत ने किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के खेल परिसर में स्थित स्विमिंग पूल का बुधवार को विधिवत शुभारंभ हुआ। कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत ने बतौर मुख्य अतिथि स्विमिंग पूल का शुभारंभ किया। कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत ने अपने संबोधन में कहा कि विश्वविद्यालय खेलों के क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए प्रतिबद्ध है और इस तरह की आधुनिक सुविधाएं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक साबित होंगी। उन्होंने छात्रों समेत एमडीयू समुदाय से इन सुविधाओं का पूरा लाभ उठाने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए खेल निदेशक डॉ. शकुंतला बेनीवाल ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि स्विमिंग पूल के शुरू होने से खिलाड़ियों, विद्यार्थियों, विवि कर्मियों को का अवसर मिलेगा। मौके पर कार्यकारी अभियंता जेएस दहिया, सहायक निदेशक खेल डॉ. तेजपाल, डॉ. कुलताज सिंह, डॉ. संजीव कुमार, असिस्टेंट रजिस्ट्रार कांता हुड्डा, डॉ. रमेश सिंधु, विजय कुमार, नरेश हुड्डा आदि रहे।



रोहतक। स्विमिंग पूल का शुभारंभ करते कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत। फोटो: हरिभूमि

## नए वित्त वर्ष के पहले दिन बैंकों में लेनदेन रहा बंद

**रोहतक।** नए वित्तीय वर्ष के पहले दिन लघु सचिवालय का माहौल उम्मीदों के बजाय सुस्ती से भरा नजर आया। आम दिनों में जहां दफ्तरों की गलियारों में फाइलों की सरसराहट और लोगों की चहल-पहल रहती है, वहीं बुधवार को दृश्य कुछ अलग था। सबसे बड़ा असर बैंकिंग सेवाओं पर देखने को मिला। वित्तीय वर्ष के पहले दिन खातों के क्लोजिंग और नई एंट्री प्रक्रिया के चलते अधिकतर बैंकों में लेनदेन पूरी तरह बंद रहा। इससे आम नागरिकों और व्यापारियों को खासी परेशानी उठानी पड़ी। कई लोग जरूरी भुगतान और जमा के लिए बैंक पहुंचे, लेकिन आज लेनदेन नहीं होगा का बोर्ड देखकर मायूस लौटते दिखे। राजस्व, सामाजिक न्याय, और विकास शाखाओं में कर्मचारी तो मौजूद रहे, लेकिन काम की गति अपेक्षाकृत कम रही। कई विभागों में नए बजट और योजनाओं को लेकर आंतरिक बैठकों का दौर चलता रहा।

## यातायात व्यवस्था सुधारे प्रशासन : बत्रा

**रोहतक।** खरावड़ हनुमान मंदिर के सामने प्रशासन द्वारा कट बंद किए जाने के फैसले पर शहर के कांग्रेस विधायक भारत भूषण बत्रा ने आपत्ति व्यक्त की है। मौके का निरीक्षण करने के बाद बत्रा ने कहा कि कट बंद करने से आम लोगों की परेशानी बढ़ गई है। उन्होंने रोहतक उपायुक्त को पत्र लिखकर कट तुरंत खोलने, अतिक्रमण हटाने और ट्रैफिक पुलिस तैनात करने की मांग की है। बत्रा का कहना है कि अगर इस कट से किसी हादसे की प्रशासन को आशंका रहती थी तो यहां वैकल्पिक व्यवस्था पर विचार किया जाना चाहिए था। बत्रा ने कहा कि पिछले 12 वर्षों से यह कट लगातार उपयोग में रहा है। दिल्ली, सांपला और बहादुरगढ़ की ओर से आने वाले वाहन इसी कट से सीधे रोहतक की ओर मुड़ते थे, लेकिन अब नई व्यवस्था में उन्हें झज्जर रोड की तरफ जाकर घूमकर वापस आना पड़ रहा है, जिससे वाहन चालकों को रोजाना अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ रही है।

आज शहर में कई स्थानों पर होंगे भजन-कीर्तन और भंडारे

# जिलेभर के मंदिरों में श्रद्धा व उल्लास से मनाया जाएगा हनुमान जन्मोत्सव

**रोहतक।** वीर हनुमंत कृपा मंडल (पंजीकृत), रोहतक की ओर से 2 अप्रैल (वीरवार) को श्री हनुमान जन्मोत्सव एवं 17वां वार्षिकोत्सव श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाया जाएगा। यह कार्यक्रम मदन मोहन ठाकुर मंदिर, किला रोड पर आयोजित होगा। मंडल के प्रवक्ता राजवीर सिंह भारद्वाज ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 8:15 बजे संगीतामय सुंदरकांड पाठ से होगी। इसके बाद दोपहर 12:30 बजे आरती और ज्योति प्रसाद वितरित किया जाएगा। वहीं दोपहर 1 बजे से भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे। उन्होंने बताया कि आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है और ठाकुर जी संकीर्तन मंडल का विशेष सहयोग रहेगा। मंडल की ओर से सभी श्रद्धालुओं को परिवार सहित कार्यक्रम में शामिल होने का आमंत्रण दिया गया है। वहीं शहर के बजरंग भवन मंदिर, डोभ भाली हनुमान मंदिर, खरावड़ हनुमान मंदिर व बड़ा बाजार पंचायती मंदिर, संकट मोचन मंदिर समेत शहर के अनेक मंदिरों में यह कार्यक्रम किया जाएगा।

- सुबह 8 :15 बजे संगीतामय सुंदरकांड पाठ से होगी कार्यक्रम की शुरुआत
- दोपहर 12 :30 बजे आरती और ज्योति प्रसाद किया जाएगा वितरित
- बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचने की उम्मीद



## युवा पीढ़ी हनुमान जी के चरित्र को अपनाकर करे राष्ट्र निर्माण में सहयोग : बाबा कालीदास

*सांपला। श्री बाला जी सिद्ध शक्ति पीठ भैंसरु कलां में आयोजित हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर आध्यात्मिक वातावरण श्रद्धा और भक्ति से सराबोर रहा। इस पावन अवसर पर बाबा कालीदास मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। कार्यक्रम के दौरान आयोजित संत समागम में उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए युवा पीढ़ी को जीवन में उच्च आदर्श अपनाने का संदेश दिया। बाबा कालीदास ने कहा कि आज के युवाओं को अपने समय का सदुपयोग करते हुए अपने चरित्र का निर्माण करना चाहिए। उन्होंने हनुमान जी के सेवा भाव, निष्ठा और समर्पण को जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि हनुमान जी जैसा सेवक भाव संसार में कहीं देखने को नहीं मिलता, जो बिना किसी स्वार्थ के प्रभु श्रीराम की सेवा में सदैव समर्पित रहे। उन्होंने आगे कहा कि यदि युवा वर्ग हनुमान जी के आदर्शों को अपने जीवन में उतार ले, तो न केवल उनका व्यक्तिगत जीवन सफल होगा, बल्कि वे राष्ट्र निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। सेवा, त्याग और अनुशासन जैसे गुण ही एक मजबूत समाज और सशक्त राष्ट्र की नींव रखते हैं। इस अवसर पर महा मण्डलेश्वर विद्या स्वरूप ने सभी संतो का सम्मान किया।कार्यक्रम के दौरान भजन-कीर्तन और हवन यज्ञ का भी आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। अंत में प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। संत समागम में बाबा भोला दास, बाबा रामसरण, बाबा प्रथम नाथ, बाबा अद्भुता नन्द, ऋषि राम सरपंच, अशोक, रोहताश सरपंच रोहना, प्रदीप सरपंच चुलियाना, मनीष सरपंच, अंकित ओहलान राजसिंह अम्बेडकर, हरबन्स मककड़, सोनू नोंन्द आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।*




**खबर संक्षेप**



### सरकारी स्कूल में विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**महम।** महम उपमंडल के फरमाणा बादशाहपुर गांव के राजकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय और राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित किया गया। वार्षिक परीक्षाओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान हासिल करने वाले विद्यार्थियों को शिक्षकों ने मेडल पहनाकर सम्मानित किया। इस मौके पर सुदेश कुमारी, संजय चोपड़ा, विरेंद्र सिंह उर्फ बिट्टू, सूरजमल, अशोक, सोमबीर, कर्मबीर, माया, जापान सिंह, राजेश, तनरेश, जयवीर, सतीश, बालकृष्ण, संदीप, शीतल, सत्यनारायण समेत कई शिक्षक, विद्यार्थी और अभिभावक मौजूद थे।

निगम ने अभियान चलाकर 1500 बकायेदारों पर कसना शुरू किया शिकंजा

# 40 डिफाल्टर्स के बिजली कनेक्शन कटे, अब वसूलेंगे बकाया 15 लाख

- लंबे समय से कई उपभोक्ता बिजली का उपयोग तो कर रहे थे, लेकिन बिल नहीं कर रहे थे जमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

जिले में बिजली बिल बकाया रखने वालों के खिलाफ अब सख्त कार्रवाई शुरू हो गई है। सरकारी विभागों सहित बड़े बकायेदारों के बिल लंबे समय से अपडेट न होने पर बिजली निगम ने अभियान चलाकर डिफॉल्टरों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है।

बुधवार को निगम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 1500 डिफॉल्टरों की सूची में से 40 उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन काट दिए। इन उपभोक्ताओं पर करीब 15 लाख रुपये का बकाया बिजली बिल था। बिजली निगम के अधिकारियों के अनुसार लंबे समय से कई उपभोक्ता बिजली का उपयोग तो कर रहे थे, लेकिन बिल जमा नहीं कर रहे थे। खास बात यह है कि इस सूची में कुछ सरकारी विभाग भी शामिल हैं, जिनके बिल अपडेट न होने के कारण बकाया लगातार बढ़ता जा रहा है। निगम ने पहले नोटिस जारी कर बकाया राशि जमा कराने के लिए कहा था, लेकिन समय पर भुगतान न होने पर अब सख्ती दिखाई जा रही है।

#### जल्द करे भुगतान, वरना कार्रवाई

*एसई बिजेंद्र नरवाल का कहना है कि यह कार्रवाई केवल शुरुआत है। निगम ने साफ संकेत दिए हैं कि आने वाले दिनों में बाकी डिफॉल्टरों के खिलाफ भी इसी तरह की कार्रवाई जारी रहेगी। जिन उपभोक्ताओं ने अभी तक बिल जमा नहीं किया है, उन्हें जल्द से जल्द भुगतान करने की अपील की गई है, ताकि कनेक्शन कटने जैसी कार्रवाई से बचा जा सके।*



#### जल्द भुगतान करने के दिए निर्देश

*निगम ने यह भी स्पष्ट किया है कि सरकारी विभागों के बकाया बिलों को भी गंभीरता से लिया जा रहा है और संबंधित अधिकारियों को जल्द भुगतान करने के निर्देश दिए गए हैं। यदि निर्धारित समय में भुगतान नहीं किया गया, तो उनके खिलाफ भी नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।*

#### निगम को आर्थिक नुकसान

*अधिकारियों का मानना है कि समय पर बिल जमा न करने से न केवल निगम को आर्थिक नुकसान होता है, बल्कि इसका असर बिजली आपूर्ति व्यवस्था पर भी पड़ता है। जब बकाया राशि बढ़ती है, तो विभाग के लिए रखरखाव और नई योजनाओं पर काम करना भी प्रभावित होता है। ऐसे में यह कार्रवाई व्यवस्था को सुधारने की दिशा में अहम कदम मानी जा रही है।*

#### फील्ड में जाकर चला रहे अभियान

*बिजली निगम की इस कार्रवाई से डिफॉल्टरों में हड़कंप मच गया है। कई उपभोक्ता अब निगम के कार्यालयों में पहुंचकर बकाया बिल जमा कराने लगे हैं। निगम के कर्मचारी भी बकाया वसूली के लिए लगातार फील्ड में अभियान चला रहे हैं और उपभोक्ताओं को जागरूक कर रहे हैं कि समय पर बिल जमा करना जरूरी है।*

## मोरखेड़ी में 40 टॉपर्स को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

- प्रवेश उत्सव व मेगा पीटीएम के दौरान बच्चों के दाखिले के लिए अभिभावकों को किया प्रेरित
- बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रत्येक महीने होने वाली पीटीएम में अवश्य भाग लेने का भी किया आह्वान

राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मोरखेड़ी में तिलक व पुष्पवर्षा से बच्चों का स्वागत किया गया। बच्चों व स्टाफ सदस्यों ने हवन कर नए सत्र का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में 40 मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। प्राचार्य सुदेश सांगवान ने बताया कि सत्र 2025-26 के टॉप विद्यार्थियों को मेडल पहना कर सम्मानित किया। प्रवेश उत्सव व मेगा पीटीएम के दौरान अ भिभावकों को बच्चों के दाखिले के लिए प्रेरित किया। अभिभावकों से आह्वान किया कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रत्येक महीने में होने से पीटीएम में अवश्य भाग लें। इस दौरान कर्मवती कादियान, प्रियंका, सुषमा, सुमन, अनीता, मधु, सीमा, हरिओम, जगदीश सतीश, अभिभावक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।



**रोहतक।** विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि



### नासिक में हुई नेशनल जंप रोप प्रतियोगिता में हरियाणा चैंपियन

**रोहतक।** महाराष्ट्र के नासिक में संपन्न हुई राष्ट्रीय जम्परोप प्रतियोगिता में हरियाणा के लड़के और लड़कियों की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चैंपियनशिप जीती। चैंपियन बनकर लौटे खिलाड़ियों का स्थानीय रोहतक रेलवे स्टेशन पर भारतीय जनता पार्टी के युवा नेता हिमांशु ग्रोवर ने खिलाड़ियों के परिजनों के साथ भव्य स्वागत किया। सभी विजेता खिलाड़ियों को आशीर्वाद दिया और उनके अच्छे भविष्य की कामना करते हुए कहा कि देश और प्रदेश में खिलाड़ियों को अनेक सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। देश में हरियाणा खेलों के क्षेत्र में सबसे आगे है। खेलो इंडिया अभियान के तहत अनेक युवा खिलाड़ी आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि सभी खिलाड़ी भविष्य में कड़ी मेहनत करते हुए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन करेंगे। लड़कियों की टीम में परिधि, लक्षिता, भारती सैनी, खुशी, इशिता, खुशी कुमारी, खुशबू, दिशा, सिया, डोरिस गुलियां, उर्जिता शामिल रही, वहीं लड़कों की टीम में दक्ष, गर्व, गौतम, निहान, हितेश, इशांत, गौरांश, राजन, अक्षत मलिक, लविश, यकीन, रौनक, अंश, हर्ष, लकी शामिल रहे। सभी खिलाड़ियों का फूलों की मालाएं पहनाकर स्वागत किया गया। इस मौके पर एडवोकेट दीपक भारद्वाज, कोच वीर सिंह आर्य, प्रिंस चावला, सुनील दुग्गल, कुसुम उपस्थित रहे।

# सरकार की उपलब्धियों को लेकर जनता से सीधे संवाद भी करेंगे कार्यकर्ता : मोहन लाल बड़ौली

स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में सप्ताह भर चलेगा भाजपा का गांव चलो, बस्ती चलो अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

संगठनात्मक विषयों को लेकर बुधवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली की अध्यक्षता में रोहतक स्थित पार्टी कार्यालय मंगल कमल में महत्वपूर्ण बैठक हुई। सभी संगठनात्मक 27 जिलों के जिला अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारियों के साथ हुई इस बैठक में भाजपा प्रदेश प्रभारी, डा. सतीश पूनिया, संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा, प्रदेश महामंत्री एवं मंत्री कृष्ण बेदी, प्रदेश महामंत्री डा. अर्चना गुप्ता, प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया मौजूद रहे। बैठक में भाजपा के स्थापना दिवस और डा. भीम राव अंबेडकर जयंती पर होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में दोनों कार्यक्रमों के संयोजक और सह संयोजक भी मौजूद रहे।



बैठक के बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने बताया कि 6 अप्रैल को भाजपा का 47वां स्थापना दिवस प्रदेश में बूथ स्तर पर मनाया जाएगा। इस दिन पार्टी के सभी कार्यकर्ता अपने-अपने घरों पर पार्टी का झंडा भी लगाएंगे। उन्होंने कहा कि 7 अप्रैल से 12 अप्रैल तक गांव चलो, बस्ती चलो अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान भाजपा के कार्यकर्ता मोदी और नायब सैनी सरकार की उपलब्धियों को लेकर जनता से सीधा संवाद करेंगे। मंडलों में चल रहे दीनदयाल प्रशिक्षण महा अभियान के बारे में बोलते हुए उन्होंने कहा कि 377 मंडलों में से 354 मंडलों में प्रशिक्षण संपन्न हो चुका है। 15 अप्रैल से 15 मई तक सभी जिलों में 36 घंटों का महाप्रशिक्षण अभियान भी चलाया जाएगा। भाजपा प्रदेश मीडिया सह प्रभारी शमशेर सिंह खरक, जिला अध्यक्ष रणबीर ढाका मौजूद रहे।

### स्थापना दिवस को लेकर बनाई रणनीति

**रोहतक।** भारतीय जनता पार्टी जिला रोहतक इकाई द्वारा पार्टी के स्थापना दिवस समारोह को भव्य, प्रभावी एवं संगठनात्मक रूप से सफल बनाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष एडवोकेट रणवीर सिंह ढाका ने की। बैठक में जिला पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों, मोर्चा एवं प्रकोष्ठ प्रमुखों सहित वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष एडवोकेट रणवीर सिंह ढाका ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए गर्व, समर्पण और राष्ट्रसेवा के संकल्प को दोहराने का अवसर है। उन्होंने कहा कि भाजपा आज विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक संगठन बनकर देशहित, गरीब कल्याण और अंत्योदय की भावना के साथ निरंतर कार्य कर रही है। पार्टी की विचारधारा, संगठनात्मक शक्ति और कार्यकर्ताओं की निष्ठा ही भाजपा की सबसे बड़ी पूंजी है। इस अवसर पर बतौर मुख्य वक्ता प्रदेश महामंत्री (संगठन) फणीन्द्रनाथ शर्मा ने कहा कि स्थापना दिवस के अवसर पर जिला, मंडल और बूथ स्तर तक विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें पार्टी ध्वजारोहण, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश का प्रसारण, वरिष्ठ एवं समर्पित कार्यकर्ताओं का सम्मान, बूथ समितियों की बैठकें तथा केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने के कार्यक्रम शामिल रहेंगे।

### जीडी गोयनका टॉडलर हाउस, सनसिटी स्कूल में यज्ञ के साथ नए सत्र का शुभारंभ

**रोहतक।** जीडी गोयनका टॉडलर हाउस, सनसिटी स्कूल में नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 का शुभारंभ हवन समारोह के साथ पारंपरिक और उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया। पूरे विद्यालय परिसर में इस दौरान आध्यात्मिक माहौल बना रहा। सत्र के पहले दिन नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों का तिलक लगाकर और पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया गया, जिससे बच्चों में खास उत्साह और अपनापन देखने को मिला। छोटे-छोटे बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे और उन्होंने नए सत्र की शुरुआत आनंद के साथ की। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक बलराज सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की नींव है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ाई करने और अच्छे संस्कार अपनाने के लिए प्रेरित किया। वहीं प्रधानाचार्या मधुबाला ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विद्यालय बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए हमेशा प्रयासरत है और उन्हें सुरक्षित व प्रेरणादायक वातावरण प्रदान करता है। कार्यक्रम में शिक्षकगण व अभिभावक भी उपस्थित रहे और नए सत्र के शुभारंभ को उत्साहपूर्वक मनाया।



कोटा, चंडीगढ़, दिल्ली के बाद अब रोहतक में भी
IIT-JEE / NEET / NDA
6th to 12th class & 12th pass
की स्पेशल कोचिंग
MEGA SEMINAR & SCHOLARSHIP TEST
4th April Saturday
10:00 am & 3:00 pm
SPECIAL BATCH FOR NEET 2026
CRASH COURSE
1 Week Free Trial Class Before ADMISSION
100% Scholarship / Free Schooling
KOTA CLASSES
144-L Model Town, Near C.R. Polytechnic College, Rohtak
Contact 97285-44433, 98964-51410



**रोहतक।** शीतला माता मंदिर में पूजा अर्चना करते श्रद्धालु।

### चौथे मेले के साथ शीतला माता मंदिर के इस साल के सभी मेलों का समापन

**रोहतक।** शीतला माता मंदिर में आयोजित होने वाले वार्षिक मेलों की श्रृंखला का चौथा और अंतिम मेला बुधवार को श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हो गया। मेले के समापन अवसर पर मंदिर परिसर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। दूर-दराज क्षेत्रों से आए भक्तों ने माता के दरबार में माथा टेककर सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना की। मंदिर परिसर में पूरे दिन धार्मिक माहौल बना रहा। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की और माता को प्रसाद अर्पित किया। महिलाओं और बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला। कई श्रद्धालु पारंपरिक वेशभूषा में पहुंचे, जिससे मेले का रंग और भी भव्य नजर आया। मेले के दौरान सुरक्षा और व्यवस्था के लिए प्रशासन की ओर से पुख्ता इंतजाम किए गए थे। पुलिस बल की तैनाती के साथ-साथ भीड़ को नियंत्रित करने के लिए विशेष प्रबंध किए गए, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। वहीं, सफाई व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान दिया गया। मेले में लगे स्टॉलों पर भी लोगों की भीड़ रही। श्रद्धालुओं ने प्रसाद, खिलौने और अन्य घरेलू सामान की खरीदारी की। बच्चों ने झूलों और अन्य मनोरंजन साधनों का आनंद लिया। चौथे मेले के साथ ही इस वर्ष के सभी मेलों का समापन हो गया।

### आईबी विद्यालय में घोषित किया वार्षिक परिणाम

**रोहतक।** आईबी विद्यालय के स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में नर्सरी से कक्षा 8 तक के विद्यार्थियों का वार्षिक परीक्षा परिणाम हर्षोल्लास के साथ घोषित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों में खासा उत्साह देखने को मिला। विद्यालय प्रबंधन द्वारा आयोजित समारोह में तीनों शाखाओं के विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धियों की सराहना की गई। चेयरमैन अमरजीत दुल, प्रधानाचार्य डॉ. मनोज कुमार सिंह तथा शिक्षकों ने विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। विद्यालय प्रशासन के अनुसार विद्यार्थियों ने पूरे शैक्षणिक सत्र में मेहनत, अनुशासन और लगन के साथ अध्ययन किया, जिसका परिणाम उनके शानदार प्रदर्शन के रूप में सामने आया। इस दौरान छात्रों को आगे भी निरंतर परिश्रम करने और नई ऊंचाइयों को हासिल करने के लिए प्रेरित किया गया। अभिभावकों ने भी विद्यालय के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि संस्थान बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। परिणाम घोषणा के साथ ही पूरे परिसर में खुशी और उत्सव जैसा माहौल बना रहा।

### बीएमयू में 58 विद्यार्थियों को वेब डिजाइनिंग में मिली दक्षता



**रोहतक।** बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी विभाग में भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय के तत्वावधान में आयोजित उद्यमिता-सह-कौशल विकास कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। 11 नवम्बर 2025 से 19 दिसम्बर 2025 तक चले इस कार्यक्रम में 58 छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर यूआई वेब डिजाइनिंग में व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त किया। समापन अवसर पर आयोजित समारोह में कुलपति डॉ. बीएन यादव ने कहा कि डिजिटल युग में वेब डिजाइनिंग जैसे कौशल युवाओं के लिए नए अवसर खोलते हैं और उन्हें आत्मनिर्भर बनने की दिशा में प्रेरित करते हैं। वहीं कुलसचिव विनोद कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को शैक्षणिक ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक कौशल से भी सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को यूआई, यूएक्स, वेबसाइट लेआउट, फ्रंट-एंड टूल्स और डिजिटल उपस्थिति से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। प्रशिक्षण पूर्ण होने पर सभी विद्यार्थियों को मंत्रालय द्वारा प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम समन्वयक आरके सिंह और तकनीकी केंद्र के अधिकारियों ने इसके सफल संचालन में अहम भूमिका निभाई। प्रशिक्षण के दौरान राहुल सर ने पायथन की प्रैक्टिकल जानकारी दी।

पहली बार प्रदेश की किसी अन्य यूनिवर्सिटी ने दिया ऐसा मौका

# जीजेयू के साहित्योत्सव 'अक्षरम्' की रचनात्मक साझेदार बनी सुपवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (जीजेयू), हिसार की ओर से तीन दिवसीय साहित्योत्सव 'अक्षरम्' कराया जाएगा। 3 अप्रैल से शुरू होने वाले इस समारोह की सफलता के लिए दादा लख्मी चंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स (डीएलसीसुपवा) को रचनात्मक (क्रिएटिव) साझेदार बनाया गया है। यह पहला मौका है, जब डीएलसीसुपवा को प्रदेश की किसी अन्य यूनिवर्सिटी ने अपने समारोह को सफल बनाने के लिए क्रिएटिव पार्टनर बनाया है। जीजेयू के कुलगुरु प्रो. नरसी राम बिश्नोई के पत्र अनुसार, डीएलसीसुपवा को 'अक्षरम् साहित्योत्सव – अप्रैल 2026' के लिए सहभागिता एवं रचनात्मक साझेदारी सौंपी गई है। उन्होंने कहा कि जीजेयू का अकादमिक एवं सांस्कृतिक परिवार क्रिएटिव पार्टनर बनने के लिए सुपवा परिवार का आभार प्रकट करता है। प्रो बिश्नोई ने उम्मीद जताई कि इस प्रतिष्ठित आयोजन में डीएलसीसुपवा न केवल सहभागिता करेगा, बल्कि रचनात्मक साझेदार के रूप में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका भी निभाएगा।

### डॉ अमित आर्य ने जीजेयू का जताया आभार



डीएलसीसुपवा के कुलगुरु डॉ अमित आर्य ने 'अक्षरम' के आयोजन में सहभागिता एवं रचनात्मक साझेदार बनाने पर जीजेयू का आभार जताते हुए कहा कि अस्तित्व में आने के बाद यह पहला मौका है, जब सुपवा को प्रदेश के किसी अन्य विश्वविद्यालय ने इतनी बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। ऐसे में हमारा कर्तव्य बनता है कि हम जीजेयू के तीन दिवसीय समारोह की सफलता के लिए अपने भ्रसक प्रयास करें। डॉ आर्य ने कहा कि सुपवा परिवार का हर सदस्य अलग-अलग विधा में पारंगत है। हर कोई सुपवा के छात्रों की प्रतिभा को पहचानने लगा है। किसी दूसरी यूनिवर्सिटी में जाकर वहां के आयोजन को सफल बनाने की जिम्मेदारी मिलने से साफ है कि अब हमारे से अपेक्षाएं बढ़ने लगी है।

## देर रात दुकान का ताला तोड़कर 6 सिलाई मशीनें चोरी, रेलवे रोड इलाके में बढ़ी चिंता

**रोहतक।** शहर के रेलवे रोड स्थित जैन वाली गली में देर रात चोरी की एक वारदात सामने आई है, जहां अज्ञात चोरों ने सिलाई मशीन की दुकान का ताला तोड़कर 6 सिलाई मशीन चोरी कर लीं। घटना के बाद इलाके के दुकानदारों में डर और चिंता का माहौल है। जानकारी के अनुसार दुकान मालिक विजय कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह रोजाना की तरह अपनी दुकान बंद करके घर चले गए थे। सुबह जब उन्होंने दुकान खोली तो ताला टूटा हुआ मिला और अंदर रखी सिलाई मशीनें गायब थीं। दुकान के अंदर सामान बिखरा पड़ा था, जिससे साफ है कि चोरों ने आराम से वारदात को अंजाम दिया। चोरी हुई मशीनों की संख्या 6 बताई जा रही है, जिनकी कीमत हजारों रुपये में आंकी जा रही है। दुकानदार का कहना है कि यह उनके रोजगार का मुख्य साधन था, ऐसे में इस घटना से उन्हें बड़ा आर्थिक नुकसान हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने आसपास के क्षेत्र का निरीक्षण किया और सबूत जुटाने की कोशिश की। विजय कुमार की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और अज्ञात चोरों की तलाश की जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इलाके में पहले भी छोटी-मोटी चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन इस तरह की वारदात से अब लोगों में असुरक्षा की भावना बढ़ गई है। लोगों ने पुलिस से गश्त बढ़ाने और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और जल्द ही आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा।

# पानी के बिल अब डिजिटल, 80 हजार उपभोक्ताओं को फायदा

## एसएमएस, व्हाट्सएप और कॉल से मिलेगी जानकारी, मोबाइल नंबर अपडेट कराने की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने शहर के करीब 80 हजार जल उपभोक्ताओं के लिए बिलिंग प्रणाली में बड़ा बदलाव करते हुए डिजिटल व्यवस्था लागू करने की पहल की है। अब पानी के बिल घर-घर पहुंचाने की पारंपरिक व्यवस्था को चरणबद्ध तरीके से बंद किया जा रहा है और इसकी जगह एसएमएस, व्हाट्सएप मैसेज व फोन कॉल के जरिए उपभोक्ताओं तक बिल की सूचना पहुंचाई जाएगी। विभाग के इस निर्णय का उद्देश्य सेवाओं को अधिक पारदर्शी, तेज और सुविधाजनक बनाना है। नई व्यवस्था के तहत जैसे ही बिल जनरेट होगा, उपभोक्ताओं के पंजीकृत मोबाइल नंबर पर एक लिंक भेजा जाएगा। इस लिंक के माध्यम से उपभोक्ता अपना बिल आसानी से देख सकेंगे और उसी प्लेटफॉर्म पर ऑनलाइन भुगतान भी कर पाएंगे। इससे लाइन में लगने और समय की बर्बादी से राहत मिलेगी। शहर की सभी कॉलोनियों में इस डिजिटल बिलिंग प्रणाली को लागू किया जा रहा है। विभाग के अनुसार, बिल की अंतिम तिथि नजदीक आने पर उपभोक्ताओं को रिमाइंडर भी भेजे जाएंगे।इसके अलावा बिल जनरेट होते ही कॉल और मैसेज के माध्यम से भी सूचना दी जाएगी।

### डेटा अपडेट न होना बनी चुनौती

हालांकि विभाग के सामने एक बड़ी चुनौती पुराने उपभोक्ताओं का डेटा अपडेट न होना है। शहर में बड़ी संख्या में ऐसे कनेक्शन हैं, जो कई साल पहले लिए गए थे और जिनमें मोबाइल नंबर दर्ज नहीं है या बदल चुका है। ऐसे उपभोक्ताओं को नई डिजिटल प्रणाली का लाभ लेने में परेशानी हो सकती है। इसी को देखते हुए विभाग ने सभी उपभोक्ताओं से जल्द से जल्द अपना मोबाइल नंबर अपडेट कराने की अपील की है। उपभोक्ता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कार्यालय, जो सोनीपत रोड पर मानसरोवर पार्क के सामने स्थित है, वहां जाकर अपना नंबर अपडेट करवा सकते हैं।

### बिल के भुगतान में समस्या आती है तो विभाग में करें संपर्क

विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि यदि किसी उपभोक्ता को व्हाट्सएप लिंक के जरिए बिल देखने या भुगतान करने में कोई दिक्कत आती है, तो वे कार्यालय में आकर अपना बिल प्राप्त कर सकते हैं और वहीं भुगतान भी कर सकते हैं। डिजिटल बिलिंग प्रणाली लागू होने से उपभोक्ताओं को कई फायदे मिलेंगे। उन्हें समय पर बिल की सूचना मिलेगी, ऑनलाइन भुगतान की सुविधा मिलेगी, किसी भी तरह की सूचना में देरी या भ्रम की स्थिति नहीं बनेगी और विभाग व उपभोक्ताओं के बीच बेहतर तालमेल स्थापित होगा।

### समय की होगी बचत

नई व्यवस्था के तहत जैसे ही बिल जनरेट होगा, उपभोक्ताओं के पंजीकृत मोबाइल नंबर पर एक लिंक भेजा जाएगा। इस लिंक के माध्यम से उपभोक्ता अपना बिल आसानी से देख सकेंगे और उसी प्लेटफॉर्म पर ऑनलाइन भुगतान भी कर पाएंगे। इससे लाइन में लगने और समय की बर्बादी से राहत मिलेगी।

*-शिवराज सिंह, अधीक्षण अभियंता, जन स्वास्थ्य व अभियांत्रिकी विभाग*

## ▶▶ खरीद सीजन की धीमी शुरुआत ▶▶ जारी हुए केवल तीन गेट पास

*फसल पहुंचने की रफ्तार भले ही धीमी रही हो, लेकिन प्रशासन खरीद को लेकर तेजी से बढ़ा रहा है कदम*

# पहले दिन मंडी में 340 क्विंटल गेहूं पहुंचा, वह भी नहीं बिका

## बॉयोमीट्रिक गेट पास के लिए कर्मी मुस्तैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

मंडी में बुधवार को गेहूं पहुंचने की रफ्तार भले ही धीमी रही हो, लेकिन प्रशासन खरीद को लेकर तेजी से कदम बढ़ा रहा है। प्रशासन ने अपनी सक्रियता में साफ संकेत दे दिया कि इस बार व्यवस्थाओं में कोई ढील नहीं दी जाएगी। सुबह की हल्की धूप में रोहतक की नई अनाज मंडी का नज़ारा कुछ अलग ही था। जहां चहल-पहल की जगह सन्नाटा पसरा था, वहीं प्रशासनिक अमले की मौजूदगी ने माहौल को गंभीर और सजग बना दिया। मंडी के मुख्य द्वार पर इक्का-दुक्का ट्रैक्टर-ट्रॉली नजर आ रहे थे, जिनमें ताज़ा कटी गेहूं की फसल लदी हुई थी। कुल मिलाकर 3 ट्रॉली गेहूं पहुंचा। किसान धीमे कदमों से अंदर प्रवेश कर रहे थे, मानो प्रशासनिक व्यवस्था को परख रहे हों। गेट पास काउंटर पर कर्मचारी मुस्तैदी से तैनात हैं। केवल तीन गेट पास जारी हुए। पहले दिन मंडी में मात्र 350 क्विंटल गेहूं की आवक हुई। नमी की वजह से बिक नहीं पाया।



**रोहतक।** मंडी में डिजिटल नमी मापक यंत्रों से जांच करवाते जिला रोहतक के प्रशासनिक सचिव एवं फरीदाबाद मंडल के आयुक्त संजय जून व उपायुक्त सचिन गुप्ता।

### संतोषजनक दिखाई दीं व्यवस्थाएं

मंडी के भीतर सफाई व्यवस्था संतोषजनक दिखी। शेड के नीचे कुछ जगहों पर गेहूं के 3 ढेर छोटे-छोटे टापुओं की तरह नजर आ रहे थे। वहीं सरसों की फसल की सफाई का काम जारी था, जहां मजदूर अपने हाथों की लय में दाने और भूसी को अलग कर रहे थे। डिजिटल नमी मापक यंत्र से फसल की जांच करते अधिकारी तकनीक और पारदर्शिता का संदेश दे रहे थे। इस दौरान जिला रोहतक के प्रशासनिक सचिव एवं फरीदाबाद मंडल के आयुक्त संजय जून और उपायुक्त सचिन गुप्ता खुद मंडी में पहुंचे। उनके साथ अधिकारियों की टीम भी हर कोने का जायजा लेती नजर आई। संजय जून ने खरीद प्रक्रिया को सरल और बाधारहित बनाने पर जोर देते हुए स्पष्ट कहा कि किसान को मंडी में किसी भी स्तर पर परेशानी नहीं होनी चाहिए।

## जे-फॉर्म से किसानों को मिलेगा पूरा हक

अमरजीत एस गिल ▶▶| रोहतक

अनाज मंडियों में कच्ची पर्ची की जगह जे-फॉर्म लागू होने से किसानों को कई बड़े फायदे मिलेंगे। अब खरीद-बिक्री का पूरा रिकॉर्ड आधिकारिक दस्तावेज में दर्ज होगा, जिससे पारदर्शिता बढ़ेगी और किसी तरह की हेराफेरी की गुंजाइश कम होगी। जे-फॉर्म मिलने से किसानों को उनकी फसल की सही कीमत और भुगतान का पक्का प्रमाण मिलेगा। इससे आढ़तियों या बिचौलियों द्वारा भुगतान में देरी या कटौती की शिकायतें कम होंगी। साथ ही, यह दस्तावेज बैंक से लोन लेने या सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने में भी सहायक होगा। कच्ची पर्ची में अक्सर विवरण अधूरा या अनौपचारिक होता था, जिससे विवाद की स्थिति बनती थी। अब जे-फॉर्म के जरिए खरीद की मात्रा, दर और कुल भुगतान स्पष्ट रूप से दर्ज रहेगा, जिससे किसानों के अधिकार मजबूत होंगे। यह व्यवस्था मंडी प्रणाली को अधिक संगठित और विश्वसनीय बनाएगी। ध्यान रहे कि इस बारे में पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने मंडियों में कच्ची पर्ची व्यवस्था को लेकर गत 27 जनवरी को महत्वपूर्ण आदेश दिया था। स आदेश में अदालत ने हरियाणा सरकार को निर्देश दिए थे कि वह 30 दिनों के भीतर इस अवैध व्यवस्था पर रोक लगाए और मंडियों में पारदर्शी खरीद प्रणाली लागू करे। उस फैसले की पालना करते हुए आज बुधवार 1 अप्रैल को कोर्ट के आदेश की हरियाणा सरकार ने पालना कर दी। कच्ची पर्ची व्यवस्था पर रोक लगवाने को लेकर जनहित याचिका कृषि वैज्ञानिक डॉ. वीरेंद्र सिंह लाठर ने लगाई थी।




■ डॉ. वीरेंद्र सिंह लाठर ने हाईकोर्ट में दायर की थी याचिका

### बताया था अवैध

हरियाणा स्टेट एग्रीकल्चर मार्केटिंग बोर्ड पंचकूला की तरफ से प्रदेश के सभी मार्केट कमेटी सचिवों को कच्ची पर्ची बंद कराने के आदेश दिए। आदेशों में कहा गया है कि आढ़ती किसानों को अब जे फार्म देंगे। यानी के जमीदार फॉर्म। याचिका में स्पष्ट रूप से बताया गया था कि मंडियों में आढ़तियों द्वारा किसानों को दी जाने वाली कच्ची पर्ची न केवल अवैध है, बल्कि इससे पारदर्शिता खत्म होती है और किसानों का शोषण होता है।

### ये होती थी पर्ची

कच्ची पर्ची एक अनौपचारिक, गैर-सरकारी रसीद होती है, जिसे आढ़ती (कमीशन एजेंट) किसान से फसल खरीदते समय अपने स्तर पर जारी करता है। यह आमतौर पर साधारण कागज पर हाथ से लिखी जाती है और इसमें फसल का वजन, भाव, कुल राशि, नमी या कटौती जैसी जानकारी दर्ज होती है।



लेकिन इस पर्ची की सबसे बड़ी समस्या यही है कि यह कानूनी रूप से मान्य दस्तावेज नहीं होती थी। इसमें कोई सरकारी मुहर, तय फॉर्मेट या डिजिटल रिकॉर्ड नहीं होता, जिससे लेन-देन पूरी तरह पारदर्शी नहीं रहता। इसी वजह से कई मामलों में किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य नहीं मिल पाता।

### एसडीएम अंकिता पंवार ने सांपला अनाज मंडी में गेहूं खरीद प्रक्रिया का लिया जायजा

## मंडी में भंडारण, उठान और परिवहन की मजबूत व्यवस्था



**सांपला।** अनाज मंडी में गेट पास प्रक्रिया की निगरानी करते एसडीएम अंकिता पंवार।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांपला

प्रदेशभर में गेहूं की सरकारी खरीद शुरू होते ही प्रशासन भी पूरी तरह सक्रिय नजर आया। इसी कड़ी में सांपला की एसडीएम अंकिता पंवार ने सोमवार सुबह अनाज मंडी का औचक निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

मंडी पहुंचते ही एसडीएम अंकिता पंवार ने सबसे पहले गेहूं लेकर आई पहली ट्रैक्टर-ट्रॉली की गेट पास प्रक्रिया को अपने सामने ही पूरा करवाया। इस दौरान उन्होंने किसानों को नई खरीद प्रणाली के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि सरकार द्वारा लागू की गई यह प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी है और किसानों के हितों को ध्यान में रखकर तैयार की गई है, इसलिए किसी को भी चिंता करने की जरूरत नहीं है। निरीक्षण के दौरान एसडीएम अंकिता पंवार ने मंडी परिसर का पैदल दौरा किया और साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था की स्थिति का निरीक्षण किया।

### अधिकारियों को निर्देश


एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों को व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश भी दिए। इस मौके पर आढ़तियों ने अपनी समस्याएं भी एसडीएम अंकिता पंवार के सामने रखीं, जिनमें से कई समस्याओं का समाधान उन्होंने मौके पर ही संबंधित विभागों के अधिकारियों से बातचीत कर करने के निर्देश दिए। किसानों से संवाद करते हुए उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा खरीद प्रक्रिया को सुचारू रखने के लिए अतिरिक्त खरीद केंद्र स्थापित किए गए हैं। साथ ही भंडारण, उठान और परिवहन की मजबूत व्यवस्था की गई है, ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने यह भी बताया कि हर मंडी में शिकायत निवारण समितियां गठित की गई हैं, जहां किसान अपनी समस्याएं रख सकते हैं।

## 12वीं कक्षा के एनएसक्यूएफ विषय की दी 1585 विद्यार्थियों ने परीक्षा

**रोहतक।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा 12वीं कक्षा की एनएसक्यूएफ विषय की बोर्ड परीक्षा आयोजित की गई। जिला प्रशासन द्वारा किए गए पुख्ता प्रबंधों के बीच शांतिपूर्वक व पारदर्शी तरीके से संपन्न हुई। इसी के साथ हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा आयोजित करवाई जा रही 12वीं कक्षा की परीक्षाएं भी बुधवार को संपन्न हो गई है। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा है कि 12वीं कक्षा की एनएसक्यूएफ विषय की परीक्षा में कुल 1600 विद्यार्थियों में से 1585 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 15 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। सचिन गुप्ता ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा बोर्ड परीक्षाओं को सुचारू ढंग व नकलरहित संपन्न करवाने के दृष्टिगत उडनदस्ते गठित किये गए है तथा डयूटी मजिस्ट्रेट भी नियुक्त किये गए है। पुलिस द्वारा भी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किये गए है। जिला में इन बोर्ड परीक्षाओं के 45 परीक्षा केंद्र स्थापित है। जिला में बोर्ड परीक्षाओं की निगरानी के लिए जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है, जिसका दूरभाष 01262-271871 है। नियंत्रण कक्ष में प्राचार्य स्तर के अधिकारी व अन्य स्टाफ तैनात किया गया है।

हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

### बनियानी डाकघर में 21.80 लाख का गबन

## जस्टिफाइड क्लेम होने पर विभाग लौटाएगा पैसा

■ उपभोक्ताओं को घबराने की जरूरत नहीं : दिनेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

बनियानी गांव के डाकघर में 21.80 लाख का गबन सामने आया है। आरोप है कि डाकपाल अतुल वीरेंद्र ने सुकन्या समृद्धि योजना व एफडी कराने आए उपभोक्ताओं की पासबुक में फर्जी एंट्री कर पैसा जेब में डाल लिया। आरोपी डाकपाल अतुल वीरेंद्र के खिलाफ कलानौर थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है। गबन की पुष्टि होने के बाद विभाग ने एक आंतरिक जांच कमेटी का गठन कर दिया है। मंडल डाक अधीक्षक दिनेश कुमार ने स्पष्ट किया है कि उपभोक्ताओं को घबराने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा, जिन भी लोगों के साथ धोखाधड़ी हुई है, उनके दावों की पुष्टि (जस्टिफाइड कलेम) होने के बाद डाक विभाग की ओर से उनका पैसा वापस दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि फिलहाल आरोपी डाकपाल अतुल वीरेंद्र ड्यूटी से भगोड़ा चल रहा है और पुलिस उसकी तलाश में जुटी है। आरोपी ने कुल 21,80,260 रुपये का गबन किया है। विभाग का फर्जीवाड़ा सामने आने के बाद से आरोपी डाकपाल अतुल वीरेंद्र भगोड़ा चल रहा है।

सत्यपाल सिंह, एसएचओ कलानौर ने कहा कि धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। अभी आरोपी गिरफ्तार नहीं हुआ है। ग्रामीणों ने शिकायत की कि सुकन्या समृद्धि योजना व एफडी (सावधि जमा खाता) के तहत उन्होंने जो राशि जमा करवाई, वह उनके खातों में जमा ही नहीं कराई गई है।

## 48 घरेलू गैस सिलेंडर किए जब्त

### हलवाई की दुकानों पर खाद्य-आपूर्ति विभाग की छापेमारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हलवाई की दुकानों पर कमर्शियल गैस सिलेंडरों की बजाय घरेलू गैस सिलेंडरों का प्रयोग करने पर खाद्य एवं आपूर्ति की टीम ने कार्रवाई की। टीम ने कई जगह छापेमारी करते हुए 48 घरेलू गैस सिलेंडरों को जब्त किया। जिला खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की नियंत्रक मनीषा मेहरा के निर्देशानुसार इंस्पेक्टर शैलेंद्र कादियान ने शहरभर हलवाई और ढाबों पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान दुकानदारों को घरेलू गैस सिलेंडरों का प्रयोग करते हुए पाया गया। इंस्पेक्टर ने तुरंत कार्रवाई करते हुए घरेलू गैस सिलेंडरों को जब्त किया और कानूनी कार्रवाई करने की चेतावनी दी। अधिकारियों ने बताया कि विभाग को लगातार घरेलू गैस सिलेंडरों के प्रयोग की शिकायत मिल रही थी। गैस एजेंसियों पर लगी भीड़ का भी यही कारण है कि लोग गैस सिलेंडरों को ब्लैक में बेच रहे हैं। टीम ने घरेलू गैस सिलेंडरों के कमर्शियल प्रयोग को रोकने के लिए सेक्टर-1, सेक्टर-2 मार्केट, दिल्ली बाईपास, अशोका चौक, पुराना आईटीआई चौक, भिवानी चुंगी और झज्जर चुंगी सहित आसपास में हलवाई की दुकानों पर छापेमारी की। इस दौरान 48 सिलेंडरों को जब्त करके गोदाम में रखवाया गया है।

### घबराएं नहीं, जिले में गैस व पेट्रोल-डीजल की कमी नहीं

**रोहतक।** डीसी सचिन गुप्ता ने स्पष्ट किया है कि जिले में एलपीजी गैस, पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य और सुचारू है। उन्होंने बताया कि जिले में 35 गैस एजेंसियां कार्यरत हैं, जहां बुधवार को 7858 एलपीजी सिलेंडर का स्टॉक उपलब्ध रहा और 6024 सिलेंडरों की नई सप्लाई प्राप्त हुई। वहीं 173 पेट्रोल पंपों पर भी करीब एक सप्ताह का पर्याप्त ईंधन भंडार मौजूद है। उपायुक्त ने कहा कि सरकार और जिला प्रशासन आपूर्ति व्यवस्था को लेकर पूरी तरह सतर्क है तथा सप्लाई चेन पर लगातार नजर रखी जा रही है। उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें और घबराकर अनावश्यक खरीदारी से बचें, क्योंकि इससे व्यवस्था प्रभावित हो सकती है। उन्होंने चेतावनी दी कि अफवाह फैलाने, जमाखोरी या ब्लैक मार्केटिंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पेट्रोल पंपों और गैस एजेंसियों का नियमित निरीक्षण किया जा रहा है, जबकि दो नोडल अधिकारी भी तैनात किए गए हैं। साथ ही, घरेलू गैस का व्यावसायिक उपयोग करने वालों पर भी कार्रवाई होगी। किसी भी समस्या के लिए कंट्रोल रूम हेल्पलाइन 01262-269895 और 8950127117 जारी किए गए हैं।

## बॉडी बिल्डर हत्याकांड में एसपी से मिले परिजन

**रोहतक।** गांव हमायुंपुर निवासी बॉडी बिल्डर रोहित धनखड़ हत्याकांड में अब गुस्सा खुलकर सामने आने लगा है। पुलिस कार्रवाई से असंतुष्ट परिजन और पंचायत के लोग एकजुट होकर एसपी कार्यालय पहुंचे और सभी आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग उठाई। परिजनों का कहना है कि घटना को काफी समय बीत जाने के बावजूद अभी तक सभी मुख्य आरोपी पुलिस की पकड़ से बाहर हैं, जिससे परिवार में रोष लगातार बढ़ रहा है। वहीं एसपी ने परिजनों को आश्वासन दिया कि जल्द ही सभी आरोपी गिरफ्तार कर लिए जाएंगे। मामला इतना बढ़ गया कि 22 दिसंबर को परिजन नायब सिंह सैनी से भी मिले। सीएम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए डीजीपी को सख्त निर्देश दिए थे कि जल्द कार्रवाई की जाए। इसके बाद पुलिस ने दबिश तो बढ़ाई, लेकिन अब तक पूरी सफलता नहीं मिल पाई है। 13 दिसंबर को सर्वखाप पंचायत में 11 सदस्यीय कमेटी गठित की गई। कमेटी ने सरकार के सामने कई मांगें रखीं कि परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी, 1 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता, सभी आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की जाए।

**कार्रवाई** | गीला-सूखा कचरा अलग देने के लिए किया जा रहा प्रेरित, निगम की टीमें कर रहीं निरीक्षण

# गोबर बहाने व गंदगी फैलाने पर 6500 रुपये के चालान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं स्वस्थ बनाने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा लगातार सख्त एवं प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। निगम की टीमों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में विशेष सफाई एवं निगरानी अभियान चलाया गया, जिसके तहत सार्वजनिक स्थानों पर गोबर फेंकने तथा गंदगी फैलाने वाले व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कुल 6500 रुपये के चालान किए गए, जिसमें गोबर बहाने पर 1 चालान 5000 रूपये व गंदगी फैलाने वालो के 5 चालान 1500 रुपये के किए गए। निगम आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि शहर में स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखने के लिए निगम की टीमें निरंतर निरीक्षण कर रही है तथा अलग-अलग वार्डों में सफाई व्यवस्था की निगरानी के लिए अधिकारियो की डयूटी भी लगाई हुई है।



### कुछ लोग नियमों की कर रहे अवहेलना

निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि कुछ लोग नियमों की अवहेलना करते हुए सड़कों, खाली प्लाटों व सार्वजनिक स्थलों कूड़ा-कचरा फेंक रहे है व गोबर नाली व सीवर में बहा रहे थे। जिससे न केवल गंदगी फैलती है बल्कि आमजन के स्वास्थ्य पर भी विपरीत प्रभाव पड़ता है। ऐसे लोगों के खिलाफ मौके पर ही चालान की कार्रवाई अमल में लाई गई। नगर निगम द्वारा गंदगी फैलाने वालो के विरूद्ध चालान की कार्रवाई के साथ-साथ जागरूकता पर भी विशेष बल दिया जा रहा है। इसी के तहत नागरिकों को गीला एवं सूखा कूड़ा अलग-अलग करके देने के लिए लगातार प्रेरित किया जा रहा है। निगम की टीमें घर-घर जाकर लोगों को समझा रही हैं कि कूड़े को अलग-अलग करने से उसके निस्तारण में आसानी होती है और पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान मिलता है।

### कूड़ा केवल नगर निगम की गाड़ी में ही डालें

निगम आयुक्त ने शहरवासियों से अपील करते हुए कहा कि वे नगर निगम के प्रयासों में सहयोग करें, अपने घरों एवं आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ रखें तथा कूड़ा केवल नगर निगम की गाड़ी में डाले क्योकि स्वच्छ शहर का निर्माण तभी संभव है जब प्रत्येक नागरिक अपनी जिम्मेदारी को समझे और स्वच्छता को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाए। भविष्य में भी स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ इसी प्रकार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।